<u>अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान</u>

(हिंदी अनुभाग)

अंसारी नगर, नई दिल्ली-29

फा.सं.4-2/2024 (प्रोत्साहन)-हिं.अ. दिनांक: 08.08.2024

कार्यालय ज्ञापन

विषय: संस्थान में समूह 'क' अधिकारियों/संकाय-सदस्यों के लिए हिंदी में डिक्टेशन देने/ई-ऑफिस सिस्टम पर फाइलों पर हिंदी में टिप्पणियां लिखने पर <u>प्रोत्साहन योजना के तहत पुरस्कार संबंधी।</u>

उपर्युक्त विषयक अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के दिनांक 05.04.2023 के कार्यालय ज्ञापन सं.4-2/2024(प्रोत्साहन)हिं.अ. के द्वारा वित्त वर्ष 2023-24 हेतु समूह 'क' अधिकारियों/संकाय-सदस्यों द्वारा अपने सरकारी कामकाज के दौरान हिंदी में डिक्टेशन देने/ई-ऑफिस सिस्टम पर फाइलों पर हिंदी में टिप्पणियां लिखने के लिए प्रोत्साहन योजना परिचालित की गई थी। इस योजना के तहत केवल वही संकाय-सदस्यगण/समूह 'क' अधिकारीगण पुरस्कार के लिए पात्र होंगे जो वर्ष में कम से कम 10 हजार शब्दों की डिक्टेशन देते हैं या ई-ऑफिस सिस्टम पर फाइलों में हिंदी में टिप्पणियों के 10 हजार शब्द लिखते हैं।

अपने सरकारी कामकाज के दौरान हिंदी में डिक्टेशन देने/ई-ऑफिस सिस्टम पर फाइलों पर हिंदी में टिप्पणियां लिखने वाले संस्थान के समूह 'क' अधिकारी/संकाय-सदस्यगण उक्त पुरस्कार प्रोत्साहन योजना के तहत भाग लेने हेतु दिनांक 01.04.2023 से 31.03.2024 तक की अवधि के दौरान हिंदी में दी गई डिक्टेशन/ई-ऑफिस सिस्टम पर फाइलों पर हिंदी में टिप्पणियों की कुल शब्दों की संख्या को **निर्धारित प्रोफार्मा** में भरकर तथा प्रमाण के तौर पर हिंदी में डिक्टेशन दिए गए/ई-ऑफिस सिस्टम के माध्यम से लिखी गई टिप्पणियों के **<u>केवल 5 प्रपत्रों की फोटो प्रतियां</u>** मूल्यांकन हेतु **<u>इस ज्ञापन के जारी होने के 15 दिन के अंदर अपने संबद्ध प्राधिकारी के माध्यम से हिंदी अनुभाग को अवश्य भेज दें</u>** ताकि प्रतियोगिता के पुरस्कारों का निर्धारण किया जा सके। प्रविष्टियां केवल निर्धारित मानदण्ड के अनुसार ही स्वीकार की जाएंगी।

इस योजना के तहत पुरस्कारों का विवरण निम्नानुसार है:-

(क) <u>हिंदी भाषी अधिकारियों/संकाय-सदस्यों हेतु</u>

पुरस्कार	राशि	पुरस्कारों की संख्या
प्रथम पुरस्कार	₹25,000/-	एक पुरस्कार
द्वितीय पुरस्कार	₹20,000/-	एक पुरस्कार
तृतीय पुरस्कार	₹15,000/-	एक पुरस्कार
प्रोत्साहन पुरस्कार	₹10,000/-	पांच पुरस्कार

जारी..2/-

(ख) <u>अन्य भाषा-भाषी अधिकारियों/संकाय-सदस्यों हेतु (जिनकी मातृभाषा हिंदी नहीं है)</u>

पुरस्कार	राशि	पुरस्कारों की संख्या
प्रथम पुरस्कार	₹25,000/-	एक पुरस्कार
द्वितीय पुरस्कार	₹20,000/-	एक पुरस्कार
तृतीय पुरस्कार	₹15,000/-	एक पुरस्कार
प्रोत्साहन पुरस्कार	₹10,000/-	पांच पुरस्कार

इसके अतिरिक्त अन्य भाषा-भाषी वर्ग में यदि कोई प्रोत्साहन पुरस्कार शेष बचता है तो उसे हिंदी भाषी वर्ग के पुरस्कारों में सम्मिलित कर दिया जाएगा।

अत: सभी केन्द्रों के प्रमुख तथा विभागों /अनुभागों के अध्यक्षगण से अनुरोध है कि कृपया उक्त सूचना सम्बद्ध विभाग/अनुभाग/केन्द्रों में कार्यरत सभी समूह 'क' अधिकारियों/ संकाय-सदस्यों की जानकारी में लाने की कृपा करें ताकि अधिक से अधिक संकाय-सदस्यगण/ अधिकारीगण उक्त हिंदी डिक्टेशन प्रोत्साहन योजना में सम्मिलित हो सकें।

दिव्या

(दिव्या यानामदाला)
वरिष्ठ वित्त सलाहकार एवं
राजभाषा अधिकारी

<u>वितरण:-</u>

1 सभी केन्द्र-प्रमुखगण।
2 सभी विभाग/अनुभाग/अध्यक्षगण।
3 मुख्य प्रशासन अधिकारी।
4 वित्त सलाहकार।
5 अधीक्षण अभियंता।
6 कुल-सचिव।

} कृपया इस पुरस्कार योजना की सूचना अधीनस्थ समूह 'क' अधिकारियों/ संकाय-सदस्यों की जानकारी में ला दें।

<u>प्रतिलिपि:-</u>

- निदेशक/संकायाध्यक्ष(शैक्षिक/अनुसंधान/परीक्षा)/चिकित्सा अधीक्षक महोदया के निजी सचिव।
- अपर निदेशक (प्रशासन) महोदय के निजी सचिव।
- वरिष्ठ वित्त सलाहकार एवं राजभाषा अधिकारी महोदया के निजी सचिव।
- उप-सचिव महोदय के निजी सचिव ।
- प्रभारी आचार्य, कंप्यूटर सुविधा: इस अनुरोध सहित कि कृपया इसे संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड कराने की कृपा करें।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में अधिकारियों/संकाय-सदस्यों के लिए हिंदी में डिक्टेशन देने/ई-ऑफिस सिस्टम पर फाइलों में हिंदी में टिप्पणियां लिखने संबंधी रिकॉर्ड रखने हेतु प्रोफार्मा।

अधिकारी/संकाय का नाम एवं पदनाम: ....

1	2	3	4
क्रम संख्या	**हिंदी में डिक्टेशन देने/ ई-ऑफिस सिस्टम पर फाइलों पर हिंदी टिप्पणियों के पृष्ठ/शब्द**	**फाइल संख्या**	**टिप्पणी**

संबंधित अधिकारी/संकाय
के मोहर सहित हस्ताक्षर ....

सत्यापन एवं अग्रेषित करने वाले संबद्ध
प्राधिकारी के मोहर सहित हस्ताक्षर ....

वरिष्ठ हिंदी अधिकारी (का.),
हिंदी अनुभाग, अ.भा.आ.सं.